B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION
SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

**TERM-1 EXAMINATION (2025-26)**
**HINDI (085)**
**SET II**

Class : VII
Date : 09.09.2026
Admission No.:

Duration :3 Hrs
Max. Marks : 80
Roll No.:

सामान्य निर्देश:-
1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 22 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमांक प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्यं पढ़ें ।

प्रश्नपत्रस्वरूप-

| | | |
|---|---|---|
| भाग 'क' | अपठित गद्यांश | 14 अङ्क |
| भाग 'ख' | व्याकरण | 22 अङ्क |
| भाग 'ग' | पाठ्यपुस्तक | 24 अङ्क |
| भाग 'घ' | लेखन | 20 अङ्क |

---

## खंड क (अपठित बोध )

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

योग भारत की प्राचीन और अमूल्य परंपरा है। यह केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की एक कला है। योग करने से शरीर मजबूत और लचीला बनता है। नियमित योग करने से मन शांत रहता है, एकाग्रता बढ़ती है तथा तनाव कम होता है। इसलिए आज के समय में विद्यार्थी, शिक्षक, खिलाड़ी और बुजुर्ग सभी योग को अपने जीवन का हिस्सा बना रहे हैं।

विद्यार्थियों के लिए योग विशेष रूप से लाभदायक है। प्रतिदिन कुछ समय योग और प्राणायाम करने से स्मरण शक्ति बढ़ती है तथा पढ़ाई में मन लगता है। इससे शरीर में ऊर्जा बनी रहती है और अनेक बीमारियों से बचाव होता है। योग हमें अनुशासन, धैर्य और आत्मविश्वास भी सिखाता है।

हर वर्ष 21 जून को पूरे विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय योग' दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोग विभिन्न स्थानों पर एकत्र होकर योगाभ्यास करते हैं और दूसरों को भी योग अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। यदि हम प्रतिदिन केवल 20 से 30 मिनट योग करें, तो हम शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। इसलिए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

(i) योग करने से क्या लाभ होता है? [1]

(A) केवल शरीर मजबूत होता है। (B) केवल मन शांत रहता है।
(C) शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। (D) केवल ऊँचाई बढ़ती है।

(ii) अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया जाता है? [1]

(A) 5 जून (B) 21 जून

(C) 15 अगस्त (D) 2 अक्टूबर

(iii) विद्यार्थियों के लिए योग क्यों लाभदायक है? [1]

(A) खेलना सिखाता है।

(B) स्मरण शक्ति और एकाग्रता बढ़ाता है।

(C) केवल मनोरंजन करता है।

(D) समय नष्ट करता है।

(iv) योग हमें कौन-कौन से गुण सिखाता है? [2]

(v) हमें योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा क्यों बनाना चाहिए? [2]

प्रश्न. 2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

एक गाँव में एक ब्राह्मण और उसकी पत्नी रहते थे। उनके घर एक छोटा बच्चा था। उन्होंने एक नेवले को भी पाल रखा था। नेवला उस बच्चे से बहुत प्रेम करता था और उसकी रक्षा करता था।

एक दिन ब्राह्मण किसी काम से बाहर गया। थोड़ी देर बाद ब्राह्मणी भी पानी भरने चली गई। जाते समय उसने बच्चे की देखभाल नेवले को सौंप दी। उसी समय एक विषैला साँप घर में घुस आया। नेवले ने बहादुरी से साँप से लड़ाई की और उसे मार डाला। इस लड़ाई में नेवले का मुँह खून से भर गया।

जब ब्राह्मणी वापस लौटी, तो उसने नेवले के मुँह पर खून देखा। उसने बिना सोचे-समझे यह समझ लिया कि नेवले ने उसके बच्चे को मार दिया है। क्रोध में आकर उसने पानी का घड़ा नेवले पर दे मारा, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। जब वह घर के अंदर गई, तो उसने देखा कि बच्चा सुरक्षित सो रहा है और पास में मरा हुआ साँप पड़ा है। तब उसे अपनी भूल का बहुत पछतावा हुआ।

(i) ब्राह्मणी कहाँ गई थी? [1]

(क) बाजार (ख) पानी भरने

(ग) मंदिर (घ) खेत

(ii) नेवले का मुँह खून से क्यों भर गया था? [1]

(क) वह घायल हो गया था (ख) उसने साँप से लड़ाई की थी।

(ग) उसने भोजन किया था (घ) वह गिर गया था

(iii) ब्राह्मणी ने नेवले के साथ क्या किया? [1]

(क) उसे पुरस्कार दिया (ख) उसे घर से निकाल दिया

(ग) क्रोध में आकर पानी का घड़ा मार दिया। (घ) उसे भोजन कराया

(iv) ब्राह्मणी ने नेवले के बारे में क्या गलत समझ लिया था? [2]

(v) ब्राह्मणी को किस बात का पछतावा हुआ? [2]

## खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न.3 भाषा ,व्याकरण और वर्ण -विचार पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई चार ) [4]

(i) भाषा के कितने रूप हैं?

(ii) हिंदी भाषा की लिपि का नाम बताइए |

(iii) हमारे देश की राजभाषा कौन सी है?

(iv) ह्रस्व स्वरों के नाम लिखिए |

(v) चार दीर्घ स्वरों के नाम लिखिए |

प्रश्न.4 तत्सम तद्भव शब्द पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो) [2]

(i) स्वर्ण का तद्भव रूप लिखिए |

(ii) चंद्र का तद्भव शब्द लिखिए |

(iii) आग का तत्सम शब्द लिखिए |

प्रश्न.5 संज्ञा -सर्वनाम पर पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- ((कोई तीन)) [3]

(i) भोपाल मध्य प्रदेश की राजधानी है। व्यक्तिवाचक संज्ञा बताइए)

(ii) चीनी में मिठास होती है।| (भाववाचक संज्ञा बताइए)

(iii) वह दिल्ली जाएगा। (सर्वनाम शब्द बताइए)

(iv) दाल में ------- काला है | (सही सर्वनाम शब्द भरिए)

प्रश्न.6 कारक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो) [2]

(i) दिव्या-------- बहन बीमार है | (सही कारक चिह्न भरिए)

(ii) गंगा हिमालय <u>से</u> निकलती है | (कारक चिह्न का नाम बताइए)

(iii) राहुल _______ मित्र बहुत होशियार है।(सही कारक चिह्न भरिए)

प्रश्न.7 विलोम,पर्यावाची शब्द पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई तीन) [3]

(i) जल के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(ii) पृथ्वी के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(iii) सत्य का विलोम शब्द लिखिए।

(iv) लाभ का विलोम शब्द लिखिए।

प्रश्न.8 लिंग और वचन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई तीन) [3]

(i) राजा का स्त्रीलिंग रूप लिखिए।

(ii) सेवक का स्त्रीलिंग रूप लिखिए।

(iii) नदी का बहुवचन रूप लिखिए।

(iv) लड़की का बहुवचन रूप लिखिए।

प्रश्न.9 उपसर्ग और प्रत्यय पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई तीन) [3]

(i) सपरिवार में उपसर्ग और मूल शब्द बताइए |

(ii) निहत्था में उपसर्ग और मूल शब्द बताइए|

(iii) कलाकार में प्रत्यय शब्द बताइए|

प्रश्न.10 विशेषण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई तीन) [2]

(i) विशेषण के कितने प्रकार हैं?

(ii) मीठा आम सभी को पसंद है। (विशेषण का भेद बताइए।)

(iii) रीना एक मेहनती छात्रा है। (वाक्य में विशेषण शब्द बताइए।)

## खंड ग (पाठ्यपुस्तक )

प्रश्न.11 दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :- [5]

बहुत पुरानी बात है। गंगाधर नाम का एक साधु था। यह भिक्षा माँगकर जीवनयापन करता था। यह बहुत क्रोधी स्वभाव था। उसे अपने तप पर बड़ा घमंड था। एक दिन वह पेड़ के नीचे तपस्या कर रहा था। उसी पेड़ पर बैठा कौआ बार-बार तपस्या भंग कर रहा था। इस पर साधु को बड़ा क्रोध आया। उसने कौए की तरफ क्रोध से देखा, वह जलकर भस्म हो गया।

साधु को अपनी शक्ति पर बड़ा घमंड हुआ| एक दिन साधु भिक्षा माँगने निकला। भिक्षा माँगते माँगते वह एक द्वार पर रुका। घर के बाहर किसी को न पाकर उसने आवाज़ लगाई, "कोई है जो इस साधु को भिक्षा दे सके?"

कुछ देर बाद एक स्त्री अन्न से भरा कटोरा लेकर घर से बाहर आई | तभी उसका पति खेत से वापस आ गया। उसके हाथ -पाँव मिट्टी से मिट्टी से सने थे और वह बहुत थका हुआ था। अपने पति को देखते ही स्त्री ने कटोरा एक ओर रख दिया | वह जल्दी से आकर पानी ले आई और अपने पति के हाथ -पाँव धुलवाए|

(i) साधु अपना जीवनयापन किस प्रकार करता था?

(a) खेती करके (b) व्यापार करके

(c) भिक्षा माँगकर (d) नौकरी करके

(ii) कौआ बार-बार क्या कर रहा था?

(a) गाना गा रहा था (b) तपस्या भंग कर रहा था

(c) घोंसला बना रहा था (d) उड़कर दूर जा रहा था

(iii) साधु को अपनी किस बात पर घमंड हो गया था?

(a) अपनी शक्ति पर (b) अपने धन पर

(c) अपने वस्त्रों पर (d) अपने घर पर

(iv) स्त्री ने सबसे पहले किसकी सेवा की?

(a) साधु की (b) अपने बच्चे की

(c) अपने पति की (d) अपने पड़ोसी की

(v) स्त्री का पति कैसा दिखाई दे रहा था?

(a) प्रसन्न और स्वस्थ (b) थका हुआ और हाथ-पाँव मिट्टी से सने हुए

(c) साफ-सुथरा और प्रसन्न (d) क्रोधित और उदास

प्रश्न.12 दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :- [5]

'माँ, कह एक कहानी,
'बेटा समझ लिया क्या तूने
मुझको अपनी नानी?'
'कहती है मुझे यह चेती
तू मेरी नानी की बेटी
कह माँ कह लेटी ही लेटी
राजा था या रानी?
माँ, कह एक कहानी!'
सहसा एक हंस ऊपर से
गिरा बिद्ध होकर खर शर से
हुई पक्ष की हानी
करुणा भरी कहानी |

(i) 'मुझको अपनी नानी' पंक्ति में 'मुझको' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(a) बच्चे के लिए (b) नानी के लिए
(c) माँ के लिए (d) राजा के लिए

(ii) बच्चे के अनुसार माँ किसकी बेटी है?

(a) रानी की (b) नानी की
(c) दादी की (d) पड़ोसन की

(iii) कहानी में ऊपर से कौन घायल होकर गिरता है?

(a) कबूतर (b) तोता
(c) हंस (d) कौआ

(iv) हंस किस कारण घायल हुआ था?

(a) पेड़ से गिरने के कारण (b) शिकारी के तीखे बाण से
(c) आँधी के कारण (d) नदी में डूबने के कारण

(v) नीचे दिए गए कथन और कारण को पढ़कर सही विकल्प चुनिए।

कथन (A): कविता में बच्चा अपनी माँ से कहानी सुनाने का आग्रह करता है।
कारण (R) क्योंकि बच्चा अपनी माँ को अपनी नानी समझ बैठता है।
(a)कथन और कारण दोनों सत्य हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।
(b) कथन और कारण दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता।
(c)कथन सत्य है, परन्तु कारण असत्य है।
(d) कथन असत्य है, परन्तु कारण सत्य है।

प्रश्न.13 निम्नलिखित गद्य -पद्य आधारित लघु प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (चार ) [8]

(i) फूल हमें क्या संदेश देता है?

(ii) सच्चे कवि के चरित्र की दो विशेषताएँ बताइए?

(iii) विराट कोहली ने अपने पिता के सपने को कैसे पूरा किया?

(iv) अब्राहम लिंकन अनुसार शिक्षक को कौन -सी दो बातें उनके बेटे को सिखानी चाहिए ?

(v) सिद्धार्थ के उठाते ही पक्षी को नया जन्म कैसे मिला?

(vi) स्त्री को भस्म न करने पर साधु क्या सोचने लगा?

प्रश्न.14 निम्नलिखित गद्य -पद्य आधारित दीर्घ प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-: (कोई दो) [6]

(i) कवि के अनुसार मुसाफिर को सफलता प्राप्त करने के लिए किन बातों का पालन करना चाहिए?

(ii) विराट कोहली के जीवन से आपको क्या प्रेरणा मिलती है?

(iii) विद्यालय में विद्यार्थियों को किन-किन नियमों का पालन करना चाहिए?कोई तीन नियम लिखिए।

(लेखन-कौशल)

प्रश्न.15 नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए :- [5]

(i) इंटरनेट फायदे और नुकसान (ii) जल ही जीवन है (iii) योग का महत्व

प्रश्न.16 नीचे दिए गए चित्र को देखकर 100 शब्दों में अपने विचार लिखिए :- [5]



प्रश्न.17 नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर विज्ञापन लिखिए:- [5]

(i) कैमरा (ii) दंत मंजन (iii) नेचुरल आइसक्रीम

प्रश्न.18 निम्नलिखित विषयों में किसी एक विषय पत्र -लेखन / कहानी लेखन लिखिए :- [5]

(i) अपने मित्र को अच्छे स्वास्थ्य के लिए सुझाव देते हुए पत्र लिखिए।

अथवा (or)

निम्नलिखिते विषयों में से किसी एक विषय पर कहानी लिखिए:

(i) लालच का फल

(ii) सच्चा मित्र

===============================समाप्त==============================